**Directorate of Education**
**GNCT of Delhi**
**Practice Paper**

**(2024-25)**

**CLASS-XII**
**GEOGRAPHY (Code:029)**

**TIME : 3 HOURS**
**M.M. : 70**

**General Instructions:**

1. This question paper contains **30** questions. **All** questions are c**ompulsory**.
2. This question paper is divided into **five** sections. **Sections-A, B, C, D and E.**
3. **Section A** - Question number **1 to 17** are Multiple Choice type questions carrying 1 markeach.
4. **Section B-** Question number **18 and 19** are Source based questions carrying 3 marks each.
5. **Section C**- Question number **20 to 23** are Short Answer type questions carrying 3 markseach. Answer to these questions shall be written in 80 to 100 words.
6. **Section D** Question number **24 to 28** are Long Answer type questions carrying 5 markseach. Answer to these questions shall be written in 120 to 150 words.
7. **Section E** Question number 29 and 30 are Map based questions.

**सामान्य निर्देश:**

1. इस प्रश्न पत्र में 30 प्रश्न हैं। सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
2. यह प्रश्न पत्र पांच खंडों में विभाजित है। खंड-A, B, C, D और E।
3. खंड A - प्रश्न संख्या 1 से 17 बहुविकल्पीय प्रकार के प्रश्न हैं जिनमें से प्रत्येक में 1 अंक है।
4. खंड B- प्रश्न संख्या 18 और 19 स्रोत आधारित प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न के 3 अंक हैं।
5. खंड C- प्रश्न संख्या 20 से 23 लघु उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं जिनमें से प्रत्येक प्रश्न के 3 अंक हैं। इन प्रश्नों के उत्तर 80 से 100 शब्दों में लिखने होंगे।
6. खंड D- प्रश्न संख्या 24 से 28 दीर्घ उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं जिनमें से प्रत्येक प्रश्न 5 अंक का हैं। इन प्रश्नों के उत्तर 120 से 150 शब्दों में लिखे जाएंगे।
7. खंड E- प्रश्न संख्या 29 और 30 मानचित्र आधारित प्रश्न हैं।

| SECTION A<br>(Multiple Choice Type Questions 17 X 1=17) | | |
|---|---|---|
| **Q.NO** | **QUESTIONS** | **MA S** |

| | | |
|---|---|---|
| Q1. | There are two statements marked as Assertion(A) and Reason(R). Mark your answer as per the codes provided below.<br>**Assertion:** Development means a qualitative change which is always value positive.<br>**Reason:** development cannot take place unless there is an increment or addition to the existing conditions.<br>**Options:**<br>a) Both (A) and (R) are true but (R) is not the correct explanation of (A)<br>b) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A)<br>c) Both (A) and (R) are incorrect.<br>d) (A) is correct but (R) is incorrect.<br>यहाँ दो कथन दिये गए हैं अभिकथन (A) और कारण (R) के रूप में चिह्नित हैं। नीचे दिए गए कोड के अनुसार अपने उत्तर को चिह्नित करें।<br>**अभिकथन:** विकास का अर्थ गुणात्मक परिवर्तन है जो हमेशा मूल्य सापेक्ष होता है।<br>**कारण:** विकास तब तक नहीं हो सकता जब तक कि वर्तमान पस्थितियों में धनात्मक वृद्धि न हो।<br>विकल्प:<br>a) और (R) दोनों सत्य हैं लेकिन (R), (A) का सही स्पष्टीकरण नहीं है।<br>b) (A) और (R) दोनों सत्य हैं और (R), (A) का सही स्पष्टीकरण है।<br>c) (A) और (R) दोनों गलत हैं।<br>d) (A) सही है लेकिन (R) गलत है। | 1 |
| Q2. | Which one of the following demographer stated that 'preventive checks are better than physical check?<br>a) Hartshorne<br>b) Humboldt<br>c) Malthus<br>d) Ratzel<br>निम्नलिखित में से किस जनसांख्यिकी विशेषज्ञ ने कहा कि 'निवारक नियंत्रण भौतिक नियंत्रण बेहतर है?<br>a) हार्टशोर्न<br>b) हम्बोल्ट<br>c) माल्थस<br>d) रैटज़ेल | 1 |
| Q3. | Which of the following ports handle general cargo-packaged products and manufactured good.<br>a) Industrial ports<br>b) Commercial ports<br>c) Comprehensive ports<br>d) Out ports<br>निम्नलिखित में से कौन सा पत्तन नौभार संवेष्टित उत्पादों तथा विनिर्मित वस्तुओं का निपटान करते हैं ?<br>a) औद्योगिक पत्तन<br>b) वाणिज्यिक पत्तन<br>c) विस्तृत पत्तन<br>d) बाहय पत्तन | 1 |
| Q4. | Which one of the following is best depicted the Welfare approach of human development?<br>a) Linked to income<br>b) Emphasis is on the provision of basic needs of defined sections<br>c) Building human capabilities in the areas of health, education and resources<br>d) Human beings as beneficiaries or targets of all developmental activities | 1 |

| | | |
|---|---|---|
| | निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प मानव विकास के कल्याणकारी उपागम को सर्वोत्तम रूप से दर्शाता है?<br>a) मानव विकास आय से जुड़ा है<br>b) परिभाषित वर्गों की मूलभूत आवश्यकताओं के प्रावधान पर जोर देता है<br>c) स्वास्थ्य, शिक्षा और संसाधनों के क्षेत्रों में मानव क्षमताओं का निर्माण<br>d) मानव को सभी विकासात्मक गतिविधियों के लाभार्थियों या लक्ष्यों के रूप में देखता है | |
| Q5. | Which of the following pair is not matched correctly? | 1 |

| | |
|---|---|
| a) very high groundwater utilisation | Punjab |
| b) Catchment area with high precipitation | Indus |
| c) vast surface water resources in the lagoons | Kerala |

| | | |
|---|---|---|
| | d) Much of the annual water Flow utilised. | Godavari |

निम्नलिखित में से कौन सी जोड़ी सुमेलित नहीं है?

| | |
|---|---|
| a) बहुत अधिक भूजल उपयोग | पंजाब |
| b) उच्च वर्षा के साथ आवाह क्षेत्र | सिंधु |
| c) लैगून में विशाल सतही जल संसाधन | केरल |
| d) वाषक जल प्रवाह का अधिकांश उपयोग | गोदावरी |

Q6. Which of the following statement is wrong about the rural marketing centre ? — 1

a) Periodic markets in rural areas are found where there are no regular markets
b) They serve as trading centres of the most rudimentary type.
c) They provide ordinary goods and services as well as many of the specialised goods and services required by people.
d) These form local collecting and distributing centres.

ग्रामीण विपणन केंद्र के बारे में निम्नलिखित में से कौन सा कथन गलत है?

a) ग्रामीण क्षेत्रों में जहां कोई नियमित बाजार नहीं होते, आवधिक बाजार पाए जाते हैं ।
b) वे सबसे अल्पविकसित प्रकार के व्यापारिक केंद्रों के रूप में कार्य करते हैं।
c) वे साधारण वस्तुओं और सेवाओं के साथ-साथ लोगों द्वारा आवश्यक कई विशेष वस्तुओं और सेवाओं को प्रदान करते हैं।
d) ये स्थानीय संग्रह और वितरण केंद्र होते हैं।

Q7. If you are asked to formulate the National Youth Policy, what will be the utmost important priority for you. Choose the correct answer from the given option. — 1

I. a holistic ‘vision’ for the youth of India.
II. Skill Development and Entrepreneurship
III. To provide free house and infrastructure

Options:

a) Only I and II
b) Only I
c) Only II and III
d) Only III

यदि आपसे राष्ट्रीय युवा नीति तैयार करने के लिए कहा जाए तो आपके लिए सर्वाधिक महत्वपूर्ण प्राथमिकता क्या होगी? दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए।

I. भारत के युवाओं के लिए एक समग्र 'दृष्टि'।
II. कौशल विकास और उद्यमिता
III. मुफ्त घर और बुनियादी ढांचा प्रदान करने के लिए

विकल्प :

a) केवल I और II

| | | |
|---|---|---|
| | b) केवल I<br>c) केवल II और III<br>d) केवल III | |
| Q8. | Which of the following feature is reflecting the IV Phase of population growth in India?<br>a) Inefficient distribution system of food and other basic necessities<br>b) Better transport and communication system improved distribution system.<br>c) A rapid fall in the mortality rate but a high fertility rate of population<br>d) Improved quality of life particularly education of females in the country.<br><br>निम्नलिखित में से कौन सी विशेषता भारत में जनसंख्या वृद्धि के चौथे चरण को दर्शाती है?<br>a) भोजन और अन्य बुनियादी आवश्यकताओं की अक्षम वितरण प्रणाली ।<br>b) बेहतर परिवहन और संचार प्रणाली से वितरण प्रणाली में सुधार हुआ।<br>c) मृत्यु दर में तेजी से गिरावट लेकिन जनसंख्या की उच्च प्रजनन दर ।<br>d) देश में जीवन की गुणवत्ता, विशेष रूप से महिलाओं की शिक्षा में सुधार। | 1 |
| Q9. | “Fallowing is a cultural practice adopted for giving the land rest”. If Shyam is not cultivating his one piece of land for less than 1 year then this land comes under which one of the following category?<br>a) Current fallow<br>b) Culturable wasteland<br>c) Permanent pasture<br>d) Current fallow other fallow land<br>ती भूमि को आराम देने के लिए अपनाई जाने वाली एक सांस्कृतिक प्रथा है"। यदि श्याम 1 वर्ष से मय से अपनी भूमि के एक टुकड़े पर खेती नहीं कर रहा है तो यह भूमि निम्नलिखित में से किस क अंतर्गत आती है?<br>a) वर्तमान परती खेती<br>b) कृषि योग्य व्यर्थ भूमि<br>c) स्थायी चरागाह क्षेत्र<br>d) पुरातन परती भूमि | 1 |
| Q10. | In which of the following states farmers grow three crops of rice called ‘aus’, ‘aman’ and ‘boro’.?<br>a) Andhra Pradesh<br>b) Karnataka<br>c) West Bengal<br>d) Tamil Nadu<br><br>निम्नलिखित में से किस राज्य में किसान चावल की तीन फसलें उगाते हैं जिन्हें 'औस', 'अमन' और 'बोरो' कहा जाता है?<br>a) आंध्र प्रदेश<br>b) कर्नाटक<br>c) पश्चिम बंगाल<br>d) तमिलनाडु | 1 |
| Q11. | Consider the following and choose the correct answer with the help of given codes- | 1 |

| | WATER CONSERVATION | | INITIATED IN |
|---|---|---|---|
| I | Neeru-Meeru (Water and You) | 1 | Rajasthan) |
| II | Arvary Pani Sansad | 2 | Central Government |
| III | Haryali | 3 | Gram Panchayats |

| | | | |
|---|---|---|---|
| IV | Atal Bhujal Yojana | 4 | Andhra Pradesh |

**Options:**

| | **I** | **II** | **III** | **IV** |
|---|---|---|---|---|
| a) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| b) | 4 | 1 | 2 | 3 |
| c) | 4 | 1 | 2 | 1 |
| d) | 2 | 1 | 3 | 4 |

निम्नलिखित पर विचार कीजिए और दिए गए कूट की सहायता से सही उत्तर का चयन कीजिए-

| | **जल संरक्षण** | | **आरंभ किया गया** |
|---|---|---|---|
| I. | नीरू-मीरू (जल और आप) | 1 | राजस्थान |
| II. | अरवरी पानी संसद | 2 | केंद्र सरकार |
| III. | हरियाली | 3 | ग्राम पंचायत |
| IV. | अटल भूजल योजना | 4 | आंध्र प्रदेश |

**विकल्प** :

| | I | II | III | IV |
|---|---|---|---|---|
| a) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| b) | 4 | 1 | 2 | 3 |
| c) | 4 | 1 | 2 | 1 |
| d) | 2 | 1 | 3 | 4 |

| | | |
|---|---|---|
| Q12. | Given below are the features of a mineral found abundantly in India. Read them carefully and identify the mineral on the basis of these features<br>I. It is mainly used in the electrical and electronic industries.<br>II. It can be split into very thin sheets which are tough and flexible.<br>III. In India it is produced in Jharkhand, Andhra Pradesh, Telanganga and Rajasthan<br>Options:<br>a) Mica<br>b) Bauxite<br>c) Graphite<br>d) Copper<br><br>नीचे भारत में प्रचुर मात्रा में पाए जाने वाले खनिज की विशेषताएं दी गयी हैं। इन्हें ध्यानपूर्वक पढ़िए तथा इन लक्षणों के आधार पर खनिज की पहचान कीजिए।<br>I. यह मुख्य रूप से विद्युत और इलेक्ट्रॉनिक उद्योगों में उपयोग किया जाता है<br>II. इसे बहुत पतली चादरों में विभाजित किया जा सकता है जो सख्त और लचीली होती हैं।<br>III. भारत में इसका उत्पादन झारखंड, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और राजस्थान में किया जाता है<br><br>विकल्प:<br>a) अभ्रक<br>b) बॉक्साइट<br>c) ग्रेफाइट<br>d) तांबा | 1 |
| Q13. | Digboi, Naharkatiya and Moran are the important oil fields found in which of the following state ?<br>a) Gujarat<br>b) Andhra Pradesh<br>c) Kerala<br>d) Assam<br><br>डिगबोई, नहरकटिया और मोरन निम्नलिखित में से किस राज्य में पाए जाने वाले महत्वपूर्ण तेल क्षेत्र हैं?<br>a) गुजरात<br>b) आंध्र प्रदेश<br>c) केरल<br>d) असम | 1 |

Q14. Who said the following lines about the importance of the Indian railways — 1


*“...brought people of diverse cultures together to contribute to India’s freedom struggle”.*

a) Lal Bahadur Shastri
b) Jawahar Lal Nehru
c) Mahatma Gandhi
d) Sardar Vallabh Bhai Patel

भारतीय रेल के महत्व के बारे में निम्नलिखित पंक्तियाँ किसने कहीं: "... *भारतीय रेलवे ने विविध संस्कृतियों के लोगों को एक साथ लाकर भारत के स्वतंत्रता संग्राम में योगदान दिया है* “।

a) लाल बहादुर शास्त्री
b) जवाहर लाल नेहरू
c) महात्मा गांधी
d) सरदार वल्लभ भाई पटेल

**Read the following map based source and answers of the questions no 15 to 17.**




Q15. Identify the Trans Continental railway. — 1

a) The Union and Pacific Railway
b) Trans–Canadian Railways
c) Trans–Siberian Railway
d) The Orient Express

Q.16 Which of the following terminal stations are connected with this railway ? — 1

a) Paris and Istambul
b) Sydney and Kalgoorlie
c) New York and San Francisco

d) Halifax and Vancouver

Q.17 This railway line connected an important Industrial Region marked as ‘A’ and ‘B’ on map with the wheat belt of the Prairie Region and the Coniferous Forest region. Identify these marked industrial areas from the options given below 1

a) Quebec and Montreal
b) British Columbia and Thunder Bay
c) Cleveland and Chicago
d) Broken Hill and Port Augusta

**The following questions are for Visually Impaired Candidates only in lieu of Q. No. 15,16 &17.**

Name the important trans-continental railway route located in the continent of North America.

a) The Union and Pacific Railway
b) Trans–Canadian Railways
c) Trans–Siberian Railway
d) The Orient Express


Name the terminal stations connected with this railway ?

a) Paris and Istambul
b) Sydney and Kalgoorlie
c) New York and San Francisco
d) Halifax and Vancouver

Name the two areas which are connected by this railway line with an important Industrial Region and the wheat belt of the Prairie Region and the Coniferous Forest region.

a) Quebec and Montreal
b) British Columbia and Thunder Bay
c) Cleveland and Chicago
d) Broken Hill and Port Augusta

नीचे दिये गए मानचित्र आधारित स्रोत का अध्ययन कीजिये तथा प्रश्न संख्या 15, 16 एवं 17 का उत्तर दीजिये ।



मानचित्र में दर्शाए गए पार-महाद्वीपीय रेलवे की पहचान कीजिए।

a) यूनियन और पैसिफिक रेलवे
b) पार-कैनेडियन रेलवे
c) पार-साइबेरियन रेलवे
d) ओरिएंट एक्सप्रेस

निम्नलिखित में से कौन सा टर्मिनल स्टेशन इस रेलवे से जुड़ा हुआ है?

a) पेरिस और इस्तांबुल
b) सिडनी और कालगूर्ली
c) न्यूयॉर्क और सैन फ्रांसिस्को
d) हैलिफ़ैक्स और वैंकूवर

यह रेलवे लाइन प्रेयरी क्षेत्र और शंकुधारी वन क्षेत्र के गेहूं की पेटी के साथ मानचित्र पर 'A' और 'B' के रूप में चिह्नित एक महत्वपूर्ण औद्योगिक क्षेत्र को जोड़ती है। नीचे दिए गए विकल्पों में से इन चिह्नित औद्योगिक क्षेत्रों की पहचान कीजिए:

a) क्यूबेक और मॉन्ट्रियल
b) ब्रिटिश कोलंबिया और थंडर बे
c) क्लीवलैंड और शिकागो
d) ब्रोकन हिल और पोर्ट ऑगस्टा

**निम्नलिखित प्रश्न केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न संख्या 15,16 और 17 के स्थान पर हैं।**

उत्तरी अमेरिका महाद्वीप में स्थित एक महत्वपूर्ण पार महाद्वीपीय रेलमार्ग का नाम बताइये आई ।

a) यूनियन और पैसिफिक रेलवे
b) पार-कैनेडियन रेलवे
c) पार-साइबेरियन रेलवे
d) ओरिएंट एक्सप्रेस

इस रेलवे से जुड़े टर्मिनल स्टेशनों के नाम बताएं?

a) पेरिस और इस्तांबुल
b) सिडनी और कलगूर्ली
c) न्यूयॉर्क और सैन फ्रांसिस्को
d) हैलिफ़ैक्स और वैंकूवर

उन दो क्षेत्रों के नाम बताइए जो इस रेल लाइन द्वारा एक महत्वपूर्ण औद्योगिक क्षेत्र और प्रेयरी क्षेत्र के गेहूँ की पट्टी और शंकुधारी वन क्षेत्र से जुड़े हुए हैं।

a) क्यूबेक और मॉन्ट्रियल
b) ब्रिटिश कोलंबिया और थंडर बे
c) क्लीवलैंड और शिकागो
d) ब्रोकन हिल और पोर्ट ऑगस्टा

## SECTION – B

**QUESTION NO 18 AND 19 ARE SOURCE BASED QUESTIONS**

**(प्रश्न संख्या 18 और 19 स्रोत आधारित प्रश्न हैं)**

2X3=6

1+1+1=

Q18

Technology indicates the level of cultural development of society. Human beings were able to develop technology after they developed better understanding of natural laws. For example, the understanding of concepts of friction and heat helped us discover fire. Similarly, understanding of the secrets of DNA and genetics enabled us to conquer many diseases. We use the laws of aerodynamics to develop faster planes. You can see that knowledge about Nature is extremely important to develop technology and technology loosens the shackles of environment on human beings. In the early stages of their interaction with their natural environment humans were greatly influenced by it. They adapted to the dictates of Nature. This is so because the level of technology was very low and the stage of human social development was also primitive This type of interaction between primitive human society and strong forces of nature was termed as environmental determinism. At that stage of very low technological development we can imagine the presence of a naturalised human, who listened to Nature, was afraid of its fury and worshipped it.

18.1. Importance of which factor is revealing from the source ?

18.2. “Human beings were able to develop technology after they developed better understanding of natural laws”. Mention any two examples from the source to justify the statement.

18.3 Explain the meaning of Environmental determinism by giving any two points from the source.

**प्रश्न संख्या 18 और 19 स्रोत आधारित प्रश्न हैं**

प्रौद्योगिकी समाज के सांस्कृतिक विकास के स्तर की सूचक होती है। मानव प्राकृतिक नियमों की बेहतर समझ विकसित करने के बाद ही प्रौद्योगिकी का विकास कर पाया। उदाहरण के लिए, घर्षण और ऊष्मा की अवधारणाओं ने अग्नि की खोज में हमारी सहायता की। इसी तरह, डीएनए और आनुवंशिकी के रहस्यों की समझ ने हमें कई बीमारियों पर विजय प्राप्त करने में सक्षम बनाया। अधिक तीव्र गति से चलने वाले यान विकसित करने के लिए हम वायु गति के नियमों का प्रयोग करते हैं। आप देख सकते हैं कि प्रौद्योगिकी विकसित करने के लिए प्रकृति के बारे में ज्ञान अत्यंत महत्वपूर्ण है और प्रौद्योगिकी मनुष्य पर पर्यावरण की बंदिशों को कम करती है। अपने प्राकृतिक पर्यावरण के साथ आरंभिक अन्योन्यक्रिया , मानव इससे बहुत प्रभावित हुआ था । उन्होंने प्रकृति के आदेशों के अनुकूल खुद को ढाल लिया। इसका कारण यह है कि प्रौद्योगिकी का स्तर बहुत कम था और मानव सामाजिक विकास का चरण भी आदिम था । आदिम मानव समाज और प्रकृति की मजबूत शक्तियों के बीच इस प्रकार की अन्योन्यक्रिया को पर्यावरणीय निश्चयवाद कहा गया। प्रोध्योगिक विकास कि उस अवस्था में हम प्राकृतिक मानव की कल्पना कर सकते हैं जो प्रकृति की सुनता था । उसकी प्रचंडता से भयभीत होता था और उसकी पूजा करता था।


18.1 दिये गए स्रोत से किस कारक का महत्व प्रकट होता है?

18.2. "प्राकृतिक नियमों की बेहतर समझ विकसित करने के बाद मानव प्रौद्योगिकी विकसित करने में सक्षम था "। स्रोत से कोई दो उदाहरण देकर कथन को उचित ठहराइए ।

18-3 स्रोत से कोई दो बिंदु देकर पर्यावरणीय निश्चयवाद का अर्थ समझाइए।

19 Observe the given map related to density of population-2011 and answer the questions given below.

1+1+1=





19.1. Identify any two states having the population density less than 100 persons per square kilo meters.

19.2. Mention any two factors which are responsible for higher population density in Bihar, West Bengal and Uttar Pradesh

19.3. Identify an union territory having highest population density among all the states. Also mention any one factor responsible for it.

**The following questions are for Visually Impaired Candidates Only In lieu of Question No. 19**
19.1 Name any two states having the population density less than 100 persons per square kilo meters.
19.2 Write any two factors which are responsible for higher population density in Bihar, West Bengal and Uttar Pradesh
19.3. Name an union territory having highest population density among all the states. Also mention any one factor responsible for it.

जनसंख्या के घनत्व-2011 से संबंधित, दिए गए मानचित्र का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिये और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।




19.1. किन्हीं दो राज्यों की पहचान कीजिए जिनका जनसंख्या घनत्व 100 व्यक्ति प्रति वर्ग किलोमीटर से कम है।

19.2. बिहार, पश्चिम बंगाल और उत्तर प्रदेश में उच्च जनसंख्या घनत्व के लिए उत्तरदायी किन्हीं दो कारकों का उल्लेख कीजिए।

19.3 सभी राज्यों में सबसे अधिक जनसंख्या घनत्व वाले केंद्र शासित प्रदेश की पहचान करें। इसके लिए जिम्मेदार किसी एक कारक का भी उल्लेख करें।

**निम्नलिखित प्रश्न, प्रश्न संख्या 19 के स्थान पर केवल दृष्टिबाधित उम्मीदवारों के लिए हैं:**

19.1 किन्हीं दो राज्यों के नाम लिखिए, जिनका जनसंख्या घनत्व 100 व्यक्ति प्रति वर्ग किलोमीटर से कम है।

19॰2 बिहार, पश्चिम बंगाल और उत्तर प्रदेश के उच्च जनसंख्या घनत्व के लिए उत्तरदायी कोई दो कारक लिखिए।

19.3 सभी राज्यों में सबसे अधिक जनसंख्या घनत्व वाले केंद्र शासित प्रदेश का नाम बताइए। इसके लिए जिम्मेदार किसी एक कारक का भी उल्लेख करें।

**SECTION - C**
**Question no. 20 to 23 are Short Answer type Questions**
**(प्रश्न संख्या 20 से 23 लघु उत्तरीय प्रश्न हैं)**

Q. 20

a. "Asia has many places where people are few and few place where people are very many". This remark of G.B. Cressey is also true about the pattern of population distribution of the world also. Explain any three most important geographical factors responsible for such uneven distribution of population.

OR

b. "Migration may be interpreted as a spontaneous effort to achieve a better balance between population and resources". Explain any three features of migration as an important determinant of population change.

a. "एशिया में कई ऐसे स्थान हैं जहाँ लोग कम हैं और कुछ ऐसे स्थान हैं जहाँ लोग बहुत अधिक हैं। जी.बी. क्रेसी की यह टिप्पणी विश्व के जनसंख्या वितरण के स्वरूप के बारे में भी सत्य है। जनसंख्या के ऐसे असमान वितरण के लिए उत्तरदायी किन्हीं तीन सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण भौगोलिक कारकों को स्पष्ट कीजिए ।

अथवा

"प्रवास को जनसंख्या और संसाधनों के बीच बेहतर संतुलन प्राप्त करने की दिशा में एक स्वतः स्फूर्त प्रयास के रूप में निरूपित किया जा सकता है"। जनसंख्या परिवर्तन के महत्त्वपूर्ण निर्धारक के रूप में प्रवास की किन्हीं तीन विशेषताओं को समझाइए।

| | | |
|---|---|---|
| Q.21 | ‘Equity’ and ‘Sustainability’ are important pillars of human development. Explain by giving any three comparative points.<br>'समता' और 'सतत पोषणीयता' मानव विकास के महत्वपूर्ण स्तंभ हैं। कोई तीन तुलनात्मक बिन्दु देकर स्पष्ट कीजिए। | **3** |

| | | |
|---|---|---|
| Q22 | Give the three basic difference between the rural settlement and urban settlement।<br><br>ग्रामीण बस्तियों एवं नगरीय बस्तियों के बीच तीन मूलभूत अंतर बताइए । | 3 |
| Q23 | a. “Tourism has become the world’s single largest tertiary activity”. Justify the statement by giving any three suitable points in support of your answer.<br><br>OR<br>b. Differentiate between rural marketing centers and urban marketing centers.<br><br>"पर्यटन दुनिया की सबसे बड़ी तृतीयक गतिविधि बन गई है"। अपने उत्तर के समर्थन में कोई तीन उपर्युक्त बिन्दु देकर कथन का औचित्य सिद्ध कीजिए।<br>अथवा<br>ग्रामीण विपणन केन्द्रों एवं नगरीय विपणन केन्द्रों में किन्हीं तीन बिंदुओं द्वारा अन्तर स्पष्ट कीजिए। | 3 |
| | **SECTION D**<br>**Question numbers 24 to 28 are Long Answer Type questions.**<br>**(प्रश्न संख्या 24 से 28 दीर्घ उत्तरीय प्रश्न हैं)** | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.24 | a. Explain any FIVE factors influencing the distribution of industries.<br>OR<br>b. Explain any FIVE Characteristics of Modern Large Scale Manufacturing.<br><br>a. उद्योगों के वितरण को प्रभावित करने वाले किन्हीं पाँच कारकों को स्पष्ट कीजिए।<br>अथवा<br>b.आधुनिक बड़े पैमाने के विनिर्माण की कोई पाँच विशेषताएँ समझाइए। | 5 |
| Q25. | a. Give any five points of difference between nomadic herding and commercial livestock rearing.<br>OR<br>b. Give any five points of difference between mixed farming and dairy farming.<br>चलवासी पशुचारण और वाणिज्य पशुधन पालन के बीच कोई पाँच अन्तर बताइए।<br>अथवा<br>मिश्रित कृषि और डेयरी कृषि के बीच कोई पांच अंतर बताइए । | 2+3=5 |
| Q26. | Explain Integrated Tribal Development Project (ITDP). Also enlist the social benefits brought by ITDP in Bharmour region of Himachal Pradesh.<br><br>समन्वित जनजातीय विकास परियोजना (आईटीडीपी) की व्याख्या कीजिए। हिमाचल प्रदेश के भरमौर क्षेत्र में आईटीडीपी द्वारा लाए गए सामाजिक लाभों को भी सूचीबद्ध करें | 1+4=5 |
| Q27. | "Urban waste disposal is a serious problem in India." – Support the statement with suitable example.<br><br>"भारत में शहरी अपशिष्ट निपटान एक गंभीर समस्या है" - उपयुक्त उदाहरण के साथ कथन का समर्थन करें। | 5 |
| Q.28 | a. Existence of sea ports on the coasts of India is advantageous for country. Explain<br>OR<br>b. Seaports are termed as gateway of international trade. Explain<br><br>भारत के तटों पर समुद्री पत्तनों की स्थिति देश के लिए लाभप्रद है। स्पष्ट कीजिये ।<br>अथवा<br>पत्तनों को अंतर्राष्ट्रीय व्यापार का प्रवेश द्वार कहा जाता है। स्पष्ट कीजिये । | 5 |
| | **SECTION E**<br>**Question numbers 29 & 30 are Map based questions having 5 sub-parts each.**<br>**(प्रश्न संख्या 29 और 30 मानचित्र आधारित प्रश्न हैं जिनमें प्रत्येक में 5 उप-भाग हैं)** | |


**Q29.** On the given political map of the World, seven geographical features have been marked as A, B, C, D, E, F and G. Identify any five with the help of the following information and write their correct names on the lines drawn near each feature. **1x5=5**

A. A major seaport in Asia.
B. An international airport in South Africa.
C. An area of commercial livestock rearing.
D. An area of subsistence gathering in South America.
E. A terminal station of Trans -Siberian railway
F. An area of Nomadic Herding
G. An area of extensive commercial grain farming

विश्व के दिए गए राजनीतिक मानचित्र पर सात भौगोलिक विशेषताएँ A, B, C, D, E, F और G अंकित की गई हैं। निम्नलिखित जानकारी की सहायता से किन्हीं पाँच को पहचानिए और प्रत्येक विशेषता के निकट खींची गई रेखाओं पर उनके सही नाम लिखिए।

A. एशिया में स्थित एक प्रमुख पत्तन।
B. दक्षिण अफ्रीका में स्थित एक अंतरराष्ट्रीय वायु पत्तन।
C. वाणिज्यिक पशुधन पालन का एक क्षेत्र।
D. दक्षिण अमेरिका में निर्वाहन संग्रहण का क्षेत्र।
E. पार-साइबेरियन रेलवे का टर्मिनल स्टेशन
F. चलवासी पशुचारण का एक क्षेत्र
G. विस्तृत वाणिज्यिक अनाज खेती का एक क्षेत्र

**प्रश्न संख्या 29 के लिए मानचित्र:**




**The following questions are for Visually Impaired Candidates only in lieu of Question No.29.**

**Answer any five questions out of the following*:***

A. Name a major seaport situated located in Asia.
B. Name an important international airport located in South Africa.
C. Name a major area of commercial livestock rearing in the world
D. Name an area of subsistence gathering in South America.
E. Name western most terminal station of Trans-Siberian railway.

| | | |
|---|---|---|
| | F. Mention an area of nomadic herding located to the south-east of Africa.<br>G. Name the area of extensive commercial grain farming in New Zealand<br>**निम्नलिखित प्रश्न केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न संख्या 29 के स्थान पर हैं। निम्नलिखित में से किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर दीजिए:**<br>A. एशिया में स्थित एक प्रमुख बंदरगाह का नाम बताइए।<br>B. दक्षिण अफ्रीका में स्थित एक महत्वपूर्ण अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का नाम बताइए।<br>C. विश्व में वाणिज्यिक पशुधन पालन के एक प्रमुख क्षेत्र का नाम बताइए।<br>D. दक्षिण अमेरिका में निर्वाह संग्रहण के एक क्षेत्र का नाम बताइए।<br>E. पार-साइबेरियन रेलवे के सबसे पश्चिमी टर्मिनल स्टेशन का नाम बताइए।<br>F. अफ्रीका के दक्षिण-पूर्व में स्थित चलवासी पशुचारण के एक क्षेत्र का नाम कीजिए।<br>G. न्यूजीलैंड में विस्तृत वाणिज्यिक अनाज खेती के क्षेत्र का नाम बताइए। | |
| Q30. | Locate and label any five of the following geographical features on the Political Outline map of India with appropriate symbols:<br>30.1 An important seaport in Andhra Pradesh.<br>30.2 An important coal mine in Tamil Nadu.<br>30.3 Ratnagiri - iron ore mines.<br>30.4 An oil refinery in Gujarat.<br>30.5 The state with highest population density.<br>30.6 The state leading in the production of jute.<br>30.7 An international airport in Kerala.<br><br>निम्नलिखित भौगोलिक लक्षणों में से किन्हीं पाँच को उपयुक्त प्रतीकों द्वारा भारत के राजनैतिक मानचित्र पर अंकित कीजिए।<br>30.1 आंध्र प्रदेश में एक महत्वपूर्ण पत्तन<br>30.2 तमिलनाडु में एक महत्वपूर्ण कोयला खदान<br>30.3 रत्नागिरी - लौह अयस्क की खान<br>30.4 गुजरात में स्थित एक तेल शोधनशाला।<br>30.5 उच्चतम जनसंख्या घनत्व वाला राज्य।<br>30.6 जूट के उत्पादन में अग्रणी राज्य<br>30.7 केरल में स्थित एक अंतरराष्ट्रीय वायु पत्तन<br><br>**The following questions are for visually impaired students in lieu of Question No.30. Attempt any five.**<br>30.1 Name an important seaport in Andhra Pradesh.<br>30.2 Name an important coal mine in Tamil Nadu.<br>30.3 In which state are Ratnagiri iron ore mines located?<br>30.4 Name an oil refinery in Gujarat.<br>30.5 Name the state with highest population density.<br>30.6 Name the state leading in the production of jute.<br>30.7 Name the international airport in Kerala.<br><br>**प्रश्न संख्या 30 के स्थान पर दृष्टिबाधित छात्रों के लिए निम्नलिखित प्रश्न हैं। किन्हीं पाँच का प्रयास कीजिए।**<br>30.1 आंध्र प्रदेश के एक महत्वपूर्ण पत्तन का नाम लिखिए।<br>30.2 तमिलनाडु की एक महत्वपूर्ण कोयला खान का नाम बताइए। | 1x5=5 |

30.3 रत्नागिरी लौह अयस्क की खदानें किस राज्य में स्थित हैं?
30-4 गुजरात स्थित एक तेल शोधक कारखाने का नाम लिखिए।
30.5 सर्वाधिक जनसंख्या घनत्व वाले राज्य का नाम लिखिए।
30.6 जूट के उत्पादन में अग्रणी राज्य का नाम लिखिए।
30.7 केरल के अंतर्राष्ट्रीय वायु पत्तन का नाम लिखिए।

**प्रश्न संख्या 30 के लिए मानचित्र:**

